ई–मेल द्वारा

कार्यालय क्षेत्रीय प्रबन्धक
उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम, गोरखपुर–273001
ई–मेलः rmgkp@upsrtc.com

पत्रांकः जीआर/स्था0/संविदा आबद्धता/५५३५७अ/24 दिनांकः 28.08.2024

वंशिका एच0आर0 सर्विसेज प्रा0लि0
शाप नं0–7 एवं 8, द्वितीय तल,
रानी सल्तनत प्लाजा, हजरतगंज, लखनऊ।

विषयः– सेवा योजन पोर्टल के माध्यम से आउटसोर्स मैनपावर(परिचालक) की भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयक परिवहन निगम मुख्यालय लखनऊ के परिपत्र संख्याः 4298सीईएनटी/2024–38 निगम/सं.आ./आगरा/23 दिनांक 07 अगस्त, 2024 एवं परिपत्र संख्याः 4045(1)सीईएनटी/2024–38 निगम/सं.आ./आगरा/23 दिनांक 30 जुलाई, 2024 द्वारा प्रदत्त अनुमति की 25 प्रतिशत अतिरिक्त 102 पदों हेतु स्वीकृत प्रदान की गयी है। रिक्त आउटसोर्स परिचालक के पदों की आपूर्ति दिनांक 28.11.2024 तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये है, उक्त के बाद दिनांक 29.11.2024 को उक्त अनुमति स्वमेव समाप्त हो जायेगी।

शासनादेश संख्या–8/2019/20/1/91–का–2/2019 दिनांक 18.12.2019 3–(2) के अनुसार एवं निगम मुख्यालय स्तर से निर्गत परिपत्र संख्याः 3505सीईएनटी/22–38निगम/सं0आ0/नीति0/21 दिनांक 25.07.2022, शासनादेश संख्याः 4/1/2008–का–2–2008 दिनांक 23.01.2008 एवं शासनादेश संख्या–6/2020/4/1/2002–का–2/19 टी0सी0 दिनांक 08.09.2022, शासनादेश संख्या–।/295497/2023–5–2023–36–5010(099)/3/2020–5 दिनांक 29.03.2023, जेम पोर्टल पर जारी बिड सं0 GEM/2022/B/2506618 द्वारा जारी ए0टी0सी0 तथा समय–समय पर निगम मुख्यालय/शासन द्वारा जारी एसओपी के अनुसार 45 रिक्त आउटसोर्स मैनपावर(परिचालक) के पदों पर सेवा लिए जाने हेतु निम्न आरक्षण के अनुरूप आउटसोर्स मैनपावर(परिचालक) के पदों की रिक्तियॉं सेवायोजन पोर्टल के माध्यम से जारी करना सुनिश्चित करें:–

सामान्य	पिछड़ा वर्ग	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई0डब्लू0एस0)	कुल रिक्तियॉं	आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि	आवेदन समाप्त होने की तिथि
41	28	21	2	10	102	30.08.2024 समय 10:00 बजे से	07.09.2024 समय 17:00 बजे तक

उक्त रिक्तियों के आधार पर आउटसोर्स मैनपावर(परिचालक) हेतु निम्न विवरण के अनुसार सेवायोजन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किया जायः–

1. अभ्यर्थी की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण हो।
2. अभ्यर्थी की आयु न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए।
3. अभ्यर्थियों की अधिमानी योग्यता केन्द्र/राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्था से सीसीसी प्रमाण पत्र की अर्हता हो।
4. एन0सी0सी0 "बी" प्रमाण पत्र अथवा भारत स्काउट एवं गाइड संस्था के राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त प्रमाण पत्र वाले अभ्यर्थियों को इण्टरमीडिएट में प्राप्त प्राप्तांकों पर 05 प्रतिशत का वेटेज दिया जायेगा
5. चयनित आउटसोर्स मैनपावर को यह शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उनके द्वारा पूर्व में किसी प्रकार का कोई अपराधिक मामला दर्ज न हो तथा पूर्व में किसी कदाचार/भ्रष्टाचार में निगम की सेवा से न हटाये गये हो। यदि उक्त शपथ पत्र निर्धारित अवधि में प्रस्तुत नही करता है तो उनका चयन निरस्त कर दिया जायेगा।
6. अभ्यर्थियों का चयन, सेवायोजन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त सूची(इण्टरमीडिएट में प्राप्त प्राप्तांकों के मेरिट के आधार पर) से किया जायेगा।
7. चयन के पश्चात् अभ्यर्थी को रजिस्ट्रेशन के समय आधार कार्य सहित सलग्न किये गये प्रमाण–पत्रों (हाई स्कूल, इण्टरमीडिएट, सीसीसी एवं जाति प्रमाण पत्र) की स्वप्रमाणित व मूलप्रति चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

क्रमशः 02 पर.........

Scanned with CamScanner

8. चयनित अभ्यर्थियों को गोरखपुर क्षेत्र के डिपोज में तैनात किया जायेगा।
9. चयनित अभ्यर्थियों को एक सप्ताह का अवैतनिक प्रशिक्षण दिया जायेगा।
10. चयनित आउटसोर्स परिचालकों को कि0मी0 के आधार पर भुगतान किया जायेगा तथा प्रोत्साहन आदि का विवरण निम्नवत रहेगाः–

(अ) प्रति कि0मी0 रू0 1.75

(ब) माह में 22 ड्यूटी दिवस 5000 कि0मी0 एवं 51 प्रतिशत लोडफैक्टर अर्जित करने पर रू 3000/– प्रोत्साहन।

नोट निगम द्वारा समय–समय पर परिश्रमिक में कमी/वृद्धि की जा सकती है।

(लव कुमार सिंह)
क्षेत्रीय प्रबन्धक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रधान प्रबन्धक(कार्मिक), परिवहन निगम मुख्यालय लखनऊ।
2. प्रधान प्रबन्धक(एम0आई0एस0), परिवहन निगम मुख्यालय, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि परिवहन निगम की बेबसाईट पर उक्त आउटसोर्स परिचालक के आवद्धीकरण के समवन्ध में विज्ञापन प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
3. सेवा प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गोरखपुर क्षेत्र।
4. सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक(कार्मिक/वित्त/डिपोज), गोरखपुर क्षेत्र।
5. नोटिस बोर्ड, समस्त कार्यालय, उ0प्र0 परिवहन निगम गोरखपुर क्षेत्र।

क्षेत्रीय प्रबन्धक

Scanned with CamScanner